SAT

Spring 2026

SAT SCHOOL DAY

SAT with Essay Paper Test Directions Supplement

State-Provided

Notes to the Proctor

Using this document on test day:

When administering the SAT with Essay, print both the SAT School Day Test Directions translation and the SAT with Essay Paper Test Directions Supplement translation for students.

Distribute this document once students are seated.

Students may use this document to read translations of the directions that are read aloud or printed in their test book. Students may keep this document open and on their desk during the entire testing period. Students may **not** use this document as scratch paper and may **not** be given additional time, unless approved by College Board as a separate accommodation.

- Students will follow along with you in the main Paper Directions through the end of Math Module 2. At that point, switch to the Essay Supplement.
- The Essay Supplement includes all required directions for:
  - The break before the Essay
  - Distributing Essay test books and answer sheets
  - Guiding students through completing answer sheet fields
  - Reviewing essay-writing rules
  - Providing timing instructions for standard time and all accommodations

Collect this document from each student at the end of testing and securely destroy it.

© 2025 College Board. College Board, SAT, and the acorn logo are registered trademarks of College Board. All other marks are the property of their respective owners. Visit College Board on the web: collegeboard.org.

IMPORTANT: *Students must not sign in to Bluebook on test day for any reason, including section timing. All timing MUST be administered by the proctor using the Paper Testing Script. Use of Bluebook will cause a misadministration and require a retest.*

विद्यार्थियों के लिए नोट्स

गणित अनुभाग खत्म होने के बाद, आपका प्रॉक्टर आपको SAT के निबंध हिस्से में निर्देशित करने के लिए निबंध सप्लीमेंट नाम के खास निर्देश का इस्तेमाल करेगा।

निम्नलिखित निर्देशों का अनुवाद है जिन्हें प्रोक्टर जोर से पढ़ेगा, साथ ही आपकी परीक्षा पुस्तिका में लिखित निर्देश भी है। हिंदी निर्देश पढ़ें और समझें जैसे-जैसे आपके प्रॉक्टर अंग्रेजी निर्देश जोर से पढ़ते हैं। यदि प्रॉक्टर द्वारा पढ़ी जा रही चीजों के बारे में आपके कोई प्रश्न हैं, तो कृपया अपना हाथ खड़ा करें।

- ये अनुवादित निर्देश संभवत: उनसे शब्दश: मेल न खाएँ जो आपके प्रॉक्टर द्वारा पढ़े गए हैं; हालाँकि, प्रासंगिक जानकारी वही है।
- आपका प्रॉक्टर आपकी परीक्षा स्थिति पर लागू नहीं होने वाले कुछ निर्देशों को छोड़ सकते हैं।
- आप इस दस्तावेज़ को परीक्षा पूर्ण होने तक अपनी मेज पर रख सकते हैं, लेकिन परीक्षा के बाद आपको इसे प्रॉक्टर को वापस करना होगा।
- आपको अपना निबंध पेंसिल से, सिर्फ़ अपनी निबंध पुस्तिका के अंदर लाइन वाले पन्नों पर ही लिखना है। कहीं और लिखने पर नंबर नहीं मिलेंगे।
- आप इस दस्तावेज़ को स्क्रैच पेपर – रफ़ पेपर के रूप में उपयोग नहीं कर सकते हैं।
- प्रॉक्टर कई बार भाग में शेष बचे समय, साथ ही उपयुक्त होने पर ब्रेक की घोषणा करेंगे। यदि आप स्वीकृत आवास के साथ परीक्षा दे रहे हैं, तो ये घोषणाएँ इस अनुवादित दस्तावेज़ में दिए गए समय और ब्रेक से भिन्न हो सकती हैं। कृपया अपने प्रॉक्टर द्वारा पढ़ी जा रही घोषणाओं को ध्यान से सुनें।
- यदि आप एक स्वीकृत आवास के साथ परीक्षा दे रहे हैं, तो प्रॉक्टर आपको अंग्रेजी में अतिरिक्त निर्देश दे सकते हैं।
- विशेष जानकारी पर आपका ध्यान आकर्षित करने के लिए इस दस्तावेज़ में आइकन - चिह्नों का उपयोग किया गया है:

महत्वपूर्ण जानकारी

आपकी प्रश्न पुस्तिका में दिए गए दिशा-निर्देश

सभी छायांकित पाठ आपके प्रॉक्टर द्वारा बोले गए निर्देशों को इंगित करते हैं।

सामग्री

1 **Notes to the Proctor**

3 **विद्यार्थियों के लिए नोट्स**

5 **गणित अनुभाग के बाद**

6 **निबंध सामग्री वितरित करें**

8 **निबंध**

8 निबंध पुस्तक दिशा-निर्देश

9 जिन छात्रों को अतिरिक्त ब्रेक या लिखने के लिए ज़्यादा समय चाहिए, उनके लिए।

9 निबंध अनुभाग का अंत

10 **बरखास्त करना**

2 गणित अनुभाग के बाद

अगला अनुभाग शुरू करने से पहले हम अब एक विराम लेंगे। कृपया इन नियमों को ध्यान से सुनें:

- इस ब्रेक के दौरान या परीक्षा के दौरान किसी अन्य ब्रेक के दौरान किसी के साथ परीक्षा प्रश्नों पर चर्चा न करें या किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का उपयोग न करें।
- यदि आपको कमरा छोड़ने की आवश्यकता है, तो केवल निर्दिष्ट क्षेत्रों, होलवे या आरामगृह में जाएँ
- केवल निर्दिष्ट क्षेत्रों में ही नास्ते और पेय की अनुमति है।
- कृपया अन्य कमरों में काम कर रहे छात्रों के बारे में सोचें और कारिडर में बात न करें।

मानक समय के साथ परीक्षा देने वाले छात्रों के लिए, आपका प्रॉक्टर कहेगा:

हम ठीक 10 मिनट में फिर से परीक्षा शुरू करेंगे।

जिन छात्रों को लंबा ब्रेक मिला है, उनके प्रॉक्टर कहेंगे:

हम ठीक 20 मिनट में फिर से परीक्षा शुरू करेंगे।

ब्रेक के अंत में आपके प्रॉक्टर कहेंगे:

कृपया अपनी सीट पर बैठें। जब तक मैं आपको ऐसा करने के लिए न कहूँ तब तक परीक्षा का कोई भी भाग न खोलें।

3 निबंध सामग्री वितरित करें

अब मैं आपमें से प्रत्येक को एक निबंध पुस्तिका और उत्तर पुस्तिका दूँगा। जब तक न कहा जाए निबंध पुस्तिका को न खोलें।

जब आपको निबंध पुस्तिका मिल जाती है, तो इसे पलटें और अपना अंतिम नाम, पहला नाम, मध्य नाम और नाम के आदि अक्षर, यदि हो तो अंकित करें। फिर इस स्कूल का कोड_____ और नाम_____ और इस कमरे का परीक्षण कक्ष कोड (या नाम) _____ प्रिंट करें, जिसे मैंने आपके लिए पोस्ट किया है।

अब आप अपनी उत्तर पुस्तिका पर कुछ फ़ील्ड पूर्ण करेंगे। फ़ील्ड 1 में अपना पूरा कानूनी नाम अभी भरें। रिक्त स्थान, हाइफ़न या वर्ण लोप का चिन्ह (अपास्ट्रफी) शामिल करें यदि ये आपके नाम का हिस्सा हैं। अक्षरों को बड़े अक्षरों में बक्से में प्रिंट करें, फिर संबंधित बुलबुला भरें। सुनिश्चित करें कि प्रत्येक निशान गहरा हो और बुलबुला पूरी तरह से भरा हो।

आपका पहला नाम आपका कानूनी पहला नाम होना चाहिए। यदि आप किसी पसंदीदा प्रथम नाम का उपयोग करते हैं और आपके पास एक College Board ऑनलाइन खाता है, तो आप इसे वहां दर्ज कर सकते हैं। College Board आपकी पहचान की पुष्टि करने के लिए परीक्षा के दिन आपके कानूनी नाम का उपयोग करता है, लेकिन वे आपके साथ अन्य सभी संचारों में आपके पसंदीदा नाम का उपयोग करेंगे।

जब आप पूरा कर लें तो ऊपर देखें।

फ़ील्ड 2, के लिए प्रॉक्टर कहेंगे:

यदि आप इस स्कूल में जाते हैं, तो फ़ील्ड 2 में हमारा 6 अंकों का स्कूल कोड _____ प्रिंट करें और संबंधित बबल भरें। जब आप पूरा कर लें तो ऊपर देखें।

यदि आप इस स्कूल के नहीं हैं या होमस्कूल के हैं, तो अपना हाथ खड़ा करें। मैं आपको फ़ील्ड 2 में भरने के लिए सही कोड देने के लिए आऊंगा/आऊंगी।

अगर लागू हो, तो होमस्कूल वाले छात्रों को फ़ील्ड 2 में “970000” कोड डालना चाहिए।

फ़ील्ड 3 और 4 के लिए, आपके प्रॉक्टर कहेंगे:

यदि आप इस स्कूल में जाते हैं, तो फ़ील्ड 3 में “हाँ” (“Yes”) के लिए बुलबुला भरें और हमारे स्कूल का नाम, शहर और राज्य फ़ील्ड 4 में प्रिंट करें। यदि आप नियमित रूप से इस स्कूल में नहीं जाते हैं, तो फील्ड 3 में आप पर लागू होने वाले बुलबुला को भरें और अपनी स्कूल की जानकारी को फील्ड 4 में प्रिंट करें। यदि आप निश्चित नहीं हैं कि आपको क्या भरना है, तो अपना हाथ खड़ा करें।

होमस्कूल करने वाले छात्र फ़ील्ड 4 को खाली छोड़ दें।

फ़ील्ड 5 के लिए आपके प्रॉक्टर कहेंगे:

अपना साइन-इन टिकट देखें, और अपना पंजीकरण नंबर ढूंढें। फ़ील्ड 5 के बक्सों में 10-अंकीय संख्या प्रिंट करें और संबंधित बुलबुले भरें।

फ़ील्ड 6, के लिए प्रॉक्टर कहेंगे:

फ़ील्ड 6 में, महीना, दिन और आपके जन्म के वर्ष के अंतिम 2 अंक भरें। 1-अंकीय संख्या भरते समय शून्य से प्रारंभ करें। संबंधित गोलों को भरें और जब आप पूर्ण कर लें तो देखें।

फ़ील्ड 7, के लिए प्रॉक्टर कहेंगे:

जब आप फ़ील्ड 7 में अपना राज्य आईडी नंबर भरने के लिए तैयार हों, तो अपना हाथ उठाएँ।

आपका प्रॉक्टर आपको निबंध रिकॉर्ड करने के लिए निर्देश देगा, वह कहेगा:

अब मैं आपको कुछ निर्देश देने जा रहा/रही हूँ जिससे आपको यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि आपके निबंध को सही तरीके से स्कोर किया जाएगा।

- नोट्स लेने और आपके निबंध की योजना बनाने के लिए बिना लाइन वाले पेज का उपयोग करें। आपके द्वारा बिना लाइन वाले पृष्ठ पर कुछ भी लिखा जाएगा उसके लिए आपको अंक नहीं मिलेंगे।

- जब आप तैयार हो जाएं, तो लाइन वाले पहले पृष्ठ पर, जहाँ लिखा है “Begin Your Essay Here” (“अपना निबंध यहां से शुरू करें”) पर अपना निबंध लिखना शुरू करें। इन लाइन वाले पृष्ठों पर चिह्नित मार्जिन के भीतर अपना निबंध लिखें।
- नंबर 2 पेंसिल का उपयोग करें। यदि आप पेंसिल का उपयोग नहीं करते हैं, या यदि आप पृष्ठों को खाली छोड़ देते हैं, तो आपको शून्य निबंध स्कोर प्राप्त होगा।
- आपका निबंध दिए गए पृष्ठों के भीतर आ जाना चाहिए। लाइन वाले अंतिम पृष्ठ पर “STOP” शब्द के आगे कुछ भी न लिखें, क्योंकि उसके बाद कुछ भी लिखा होगा तो उसे स्कोर नहीं किया जाएगा।

4 निबंध

महत्वपूर्ण: *आपकी सुविधा के हिसाब से, आपके प्रॉक्टर को निबंध अनुभाग के बीच में थोड़े समय के लिए विराम लेने की ज़रूरत पड़ सकती है। कृपया अपने प्रॉक्टर द्वारा पढ़ी जा रही घोषणाओं को ध्यान से सुनें।*

जो छात्र मानक समय और मानक विराम के साथ परीक्षा दे रहे हैं, उनसे आपका प्रॉक्टर कहेगा:

एक बार शुरू करने पर, आपके पास निबंध भाग पर काम करने के लिए 50 मिनट होंगे।

अतिरिक्त वारम या ज़्यादा समय लेकर परीक्षा देने वाले छात्रों से, आपका प्रॉक्टर कहेगा:

एक बार शुरू होने के बाद, आपके पास निबंध पर काम करने के लिए ___ मिनट होंगे। हम ___ मिनट के बाद एक छोटे विराम के लिए रुकेंगे।

निबंध समय के लिए संदर्भ

ज़्यादा विराम के साथ मानक समय के लिए: कुल 50 मिनट; विराम से पहले 25 मिनट

डेढ़ समय के लिए: कुल 75 मिनट; विराम से पहले 38 मिनट

डबल समय के लिए: कुल 100 मिनट; विराम से पहले 50 मिनट

मैं शुरू और खत्म होने का समय पोस्ट कर दूंगा, और जब 5 मिनट बाकी रहेंगे तो मैं आपको बता दूंगा। अपनी उत्तर पुस्तिका और निबंध पुस्तिका को अपनी मेज पर समतल रखें।

कृपया अपने निबंध पर न तो हस्ताक्षर करें और न उसमें अपना नाम जोड़ें (जैसे "By Jane Doe" द्वारा)। ऐसा करने पर आपके निबंध को स्कोर करने में देरी हो सकती है।

अब निर्देशों को पढ़ें, फिर निबंध प्रश्न पर जाएं और काम शुरू करें। समय अब शुरू होता है।

अगर आपके पास अतिरिक्त विराम या पढ़ने और/या लिखने के लिए ज़्यादा समय की सुविधा नहीं है, तो **निबंध अनुभाग का अंत** अनुभाग के तहत दिए गए निर्देशों को पढ़ना जारी रखें।

4.1 निबंध पुस्तक दिशा-निर्देश

यह आपकी निबंध पुस्तक के पहले पन्ने का अनुवाद है। जब निर्देश दिया जाए, तो आपको अपनी निबंध पुस्तिका पर लिखना है, इस दस्तावेज़ पर नहीं।

दिशा-निर्देश

यह निबंध आपको यह दर्शाने का अवसर प्रदान करता है कि आप कितने प्रभावी ढंग से गद्य को पढ़ और समझ सकते हैं और उस गद्य का विश्लेषण करते हुए एक निबंध लिख सकते हैं। अपने निबंध में आपको यह प्रदर्शित करना चाहिए कि आपने गद्य को ध्यान से पढ़ा है, एक स्पष्ट और तार्किक विश्लेषण प्रस्तुत किया है और भाषा का सटीक उपयोग किया है। आपका निबंध अंग्रेजी में लिखा होना चाहिए।

उत्तर पुस्तिका के योजना पृष्ठ को छोड़कर, आपकी उत्तर पुस्तिका में दी गई लाइनों पर ही निबंध को लिखा जाना चाहिए, आपको लिखने के लिए कोई अन्य कागज नहीं मिलेगा। यदि आप हर लाइन पर लिखेंगे तो निबंध लिखने के लिए आपके पास पर्याप्त स्थान होगा, विस्तृत मार्जिन से बचें और अपनी लिखावट को सही आकार में रखें। याद रखें कि जो कुछ आप लिखते है उसे ऐसे लोग पढ़ेंगे जो आपकी लिखावट से परिचित नहीं हैं। लिखने या मुद्रित करने का प्रयास करें ताकि आप जो लिख रहे हैं वह उन पाठकों को समझ आ सके।

इस पुस्तिका के अंदर दिए गए संकेत के आधार पर आपके पास गद्य को पढ़ने और निबंध लिखने के लिए 50 मिनट (मानक समय) है।

रिमाइंडर

- इस पुस्तिका में अपना निबंध न लिखें। आप जो अपनी उत्तर पुस्तिका के लाइन वाले पृष्ठों पर लिखते हैं केवल उसका ही मूल्यांकन किया जाएगा।
- एक ऑफ टॉपिक – विषय से भिन्न, निबंध का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।

इस प्रश्न पुस्तिका को कमरे से बाहर नहीं ले जाया जा सकता है। इस प्रश्न पुस्तिका के किसी भी हिस्से की अनाधिकृत प्रतिकृति करना या उपयोग किया जाना निषिद्ध है।

4.2 जिन छात्रों को अतिरिक्त ब्रेक या लिखने के लिए ज़्यादा समय चाहिए, उनके लिए।

जब ब्रेक से पहले 5 मिनट बचे हों, तो आपका प्रॉक्टर कहेगा:

ब्रेक तक आपके पास 5 मिनट बचे हैं।

जब ब्रेक का समय होगा, तो आपका प्रॉक्टर कहेगा:

कृपया काम रोक दें और अपनी पेंसिल मेज पर रखें। अपनी उत्तर पुस्तिका और अपनी निबंध पुस्तिका बंद करें। अपनी उत्तर पुस्तिका को उसके पहले पृष्ठ को ऊपर की ओर रखते हुए अपनी निबंध पुस्तिका के बगल में रखें।

अतिरिक्त विराम या ज़्यादा समय लेकर परीक्षा देने वाले छात्रों से, आपका प्रॉक्टर कहेगा:

कृपया काम रोक दें और अपनी पेंसिल मेज पर रखें। अपनी उत्तर पुस्तिका को उस पृष्ठ के ऊपर रखें जिस पर आप अभी अपनी निबंध पुस्तिका में काम कर रहे हैं। अपनी निबंध पुस्किता को बंद करें और उसे अपनी डेस्क पर रख दें।

अब आपको स्ट्रेच करने के लिए छोटा विराम मिलेगा। ब्रेक के दौरान परीक्षा प्रश्नों पर चर्चा न करें और न ही बिना अनुमति के परीक्षा कमरे से बाहर जाएं।

अतिरिक्त विराम या ज़्यादा समय (लेकिन ज़्यादा विराम नहीं) के साथ परीषा देने वाले छात्रों से, आपका प्रॉक्टर कहेगा:

हम ठीक 5 मिनट में फिर से परीक्षा शुरू करेंगे।

ज़्यादा समय और ज़्यादा विराम के साथ परीक्षा देने वाले छात्रों से, आपका प्रॉक्टर कहेगा:

हम ठीक 10 मिनट में फिर से परीक्षा शुरू करेंगे।

ब्रेक के अंत में आपके प्रॉक्टर कहेंगे:

कृपया अपनी सीट पर बैठें। SAT निबंध के लिए आपके पास अतिरिक्त ___ मिनट बचे हैं।

निबंध समय के लिए संदर्भ

ज़्यादा विराम के साथ मानक समय के लिए: 25 मिनट

डेढ़ समय के लिए: 37 मिनट

डबल समय के लिए: 50 मिनट

मैं शुरू और खत्म होने का समय पोस्ट करूँगा, और जब अनुभाग खत्म होने में 5 मिनट बचेंगे तो मैं आपको बता दूँगा। अगर आप समय से पहले खत्म कर लेते हैं, तो अपना काम चेक करने के लिए समय लें और पक्का करें कि वह पूरा हो गया है। अपनी निबंध पुस्तिका के उस पृष्ठ को खोलें जहाँ आपने अपनी उत्तर पुस्तिका लगाई थी। अपनी उत्तर पुस्तिका को अपनी डेस्क पर सीधा रखें, और जहाँ आपने छोड़ा था वहीं से काम शुरू करें। समय अब शुरू होता है।

4.3 निबंध अनुभाग का अंत

जब 5 मिनट शेष रह जाएंगे, तो आपका प्रॉक्टर कहेगा:

आपके पास निबंध भाग में 5 मिनट शेष हैं।

समय समाप्त होने पर, आपका प्रॉक्टर कहेगा:

कृपया काम रोक दें और अपनी पेंसिल मेज पर रखें। अपनी उत्तर पुस्तिका और अपनी निबंध पुस्तिका बंद करें। अपनी उत्तर पुस्तिका को उसके पहले पृष्ठ को ऊपर की ओर रखते हुए अपनी निबंध पुस्तिका के बगल में रखें।

5 बरखास्त करना

बधाई हो! आपने SAT पूरी कर ली है। आज यहाँ उपस्थित होना और परीक्षा पूरी करना ही एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। जब तक मैं आपकी परीक्षा सामग्री एकत्र करुँ और गिनूं, कृपया चुपचाप बैठें।

याद रखें, अपने उत्तर सबमिट करके, आप सहमत हैं कि आप परीक्षा कक्ष से कोई परीक्षा प्रश्न नहीं लेंगे, उन्हें किसी को नहीं देंगे, या ईमेल, टेक्स्ट संदेश, ऑनलाइन या किसी अन्य तरीके से किसी के साथ उन पर चर्चा नहीं करेंगे। इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि सभी छात्रों को निष्पक्ष और समान परीक्षा अनुभव मिले। यदि आज तुमने कुछ भी देखा जो तुम्हें चिंतित करता है, तो जाने से पहले आओ और मुझसे बात करो।

जैसा कि मैंने परीक्षा की शुरुआत में कहा था, यदि कोई व्यक्ति परीक्षा सुरक्षा से संबंधित इन नीतियों में से किसी का भी उल्लंघन करता है तो उनका स्कोर रद्द कर दिया जाएगा और उन्हें भविष्य में अन्य College Board परीक्षा देने से रोका जा सकता है।

कृपया अपनी सीट पर प्रतिक्षा करें जब तक कि मैं आपको जाने की इजाजत न दूं। उस बिंदु पर, आप अपना सामान इकट्ठा कर सकते हैं और परीक्षण से पहले आपके द्वारा छूटी हुई किसी भी चीज को लेने के लिए आ सकते हैं। जब भी आप छोड़ते हैं, कृपया अन्य कमरों में काम करने वाले लोगों के बारे में विचार करें। यदि आप अपना स्कोर रद्द कैसे करें यह जानना चाहते हैं, तो मैं आपके जाने से पहले आपकी मदद कर सकता हूं।

आज फिर से आपकी कड़ी मेहनत के लिए बधाई।

आपके जाने से पहले आपका प्रॉक्टर आपसे यह पुस्तिका ले लेगा।